26-07-2021

आकाश NG मिसाइल

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से नई पीढ़ी की आकाश (आकाश-NG) मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया गया है।
2. यह परीक्षण उच्च स्तरीय गति से आने वाले एवं फुर्तीले हवाई जवाज खतरों को रोकने में सक्षम है।
3. आकाश-NG, एक नई पीढ़ी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- हाल ही में रक्षा अनुसंधान एंव विकास संगठन (डीआरडीओ) आकाश-NG मिसाइल का सफल परीक्षण किया है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओं ने ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से नई पीढ़ी की आकाश (आकाश-NG) मिसाइल का सफल परीक्षण किया है।
- यह परीक्षण एक उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्य के विरूद्ध किया गया है, जिसे मिसाइल द्वारा सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर दिया गया है।
- यह उच्च स्तरीय गति से आने वाले एवं फुर्तीले हवाई खतरों को रोकने में सक्षम है।
- आकाश-एनजी एक नई पीढ़ी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है।
- इस परीक्षण से स्वदेशी मल्टी-फंक्शन रडार और कमांड, कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सिस्टम के साथ मिसाइल से युक्त संपूर्ण हथियार प्रणाली का खराब के कामकाज को मान्यता मिली है।
- प्रक्षेपास्त्र मिसाइल, ऐसी वस्तु होती है, जिसका उपयोग दूर स्थित लक्ष्य को भेदने में किया जाता है। तकनीकी भाषा में प्रक्षेपास्त्र एक स्व-चालित और लक्ष्य निर्देशित उड़ान हथियार है, जिसका उपयोग लक्ष्य को नष्ट करने के उद्देश्य से वॉरहेड को एक निश्चित स्थान तक वहन करने के लिए किया जाता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

कोया जनजाति

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोया जनजाति के लोगों ने 21 जुलाई को गोंडी भाषा दिवस के रूप में मनाया।
2. गोंडी भाषा मुख्य रूप से 7 राज्यों –छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा, मध्यप्रदेश के आदिवासी समुदायों के बीच बोली जाती है।
3. संविधान की अठवी अनुसूची में 4 अंतिम भाषाए वर्ष 2004 में जोड़ी गई थी। उस वर्ष बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली भाषा को जोड़ा गया था।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- हाल ही में आंध्रप्रदेश को कोया जनजाति समाचार पत्रों में सुर्खियों मे रहने की वहज से गोंडी भाषा दिवस मनाया जाने के कारण चर्चा में बनी रही। उनका कहना है, कि गोंडी भाषा को संविधान की आठवी अनुसूची में जल्द से जल्द शामिल किए जाए।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- कोया जनजाति के लोगों ने 21 जुलाई को गोंडी भाषा दिवस के रूप में मनाया है।
- इस दिवस को मनाने के लिए आदिवासी संक्षेप परिषद द्वारा आयोजित दिल्ली कन्वेंशन-2018 में निर्णय किया गया था। यह परिषद देश के दक्षिणी, मध्य और उत्तरी भागों में 7 राज्यों सक्रिय होकर काम कर रही है।
- गोंडी भाषा मुख्य रूप से 7 राज्यों- छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा, मध्यप्रदेश के आदिवासी समुदायों के बीच बोली जाती है।
- संविधान की आंठवी अनुसूची में 4 अंतिम भाषाएँ वर्ष 2004 में जोड़ी गई थी। उस वर्ष, डोगरी, मैथली और संथाली भाषा को जोड़ा गया था और वन से लेकर 17 वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी अन्य भाषा को आठवीं अनुसूची में नही डाला गया है।
- गोंडी युनेस्को के एटलस ऑफ दि वर्ल्डस लैग्वैंज इन डेंजर में सुघेघ (Vulnerable) की श्रेणी में रखी गई है।
- कोया जनजाति के बारे में आपको एक विशेष फेक्ट की जानकारी होनी चाहिए कि में छत्तीसगढ़ में भी निवास करते है, और वहां नक्सलियों से निपटाने के लिए कोया आदिवासियों की भर्ती कर कोया कंमाडोज का गठन छत्तीसगढ़ सरकार ने किया।
- कोया ट्राइनल सोसाइटी भी ऐसा ही काम कर रही है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

बंदर हीरा प्रोजेक्ट बकस्वाहा

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बंदर हीरा प्रोजेक्ट का कार्य सरकार द्वारा पहले अस्ट्रेलियाई कम्पनी रियो टिंटो ग्रुप को आवंटित किया गया था।
2. अततः 2017 में रियो टिंटो ने यह डायमंड ब्लॉक मध्यप्रदेश सरकार के सुपुर्द कर दिया था।
3. छातरपुर जिले में बकस्वाहा जंगल को हीरा खनन के लिए बिडला ग्रुप की एक्सल माइनिंग इंडस्ट्रीज कंपनी को 50 साल के पट्टे पर एमपी सरकार ने दे दिया है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- हाल ही में समाचार पत्रों में मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में एक छोटा सा कस्वा जो अपने जंगल के लिए मशहूर माना जाता है, बकस्वाहा में 3.42 कैरेट हीरे दबे होने का अनुमान लगाया गया है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- बकस्वाहा के जंगल से हीरा निकालने के लिए 2.15 लाख (लगभग) पेड़ काटे जाने का प्रस्ताव तैयार हो चुका है।
- मध्यप्रदेश भूविज्ञान एवं खनन निदेशालय डीजीएमएमपी की 2017 की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस हीरे का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 55,000 करोड़ रूपये है। इस परियोजना को बंदर डायमंड प्रोजेक्ट नाम मिला
- 2019 में राज्य के तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस हीरा खदान की नीलामी की थी, जिसके तहत आदित्य बिड़ला ग्रुप की कंपनी एस्सेल मइनिंग एंड एडस्ट्रीज लिमिटेड ईएमआईएस को खनन के लिए 382.131 हेक्टेयर वन भूमि 50 साल की लीज पर मिली है।
- हाल ही में विरोध इसलिए है, क्योंकि इसके शुरू होने पर 382.131 हेक्टेयर जंगल काटा जाएगा। इनमें सागौन बेल तेंदूपत्ता, आंवला, बरगद, जामून, अर्जुन, बहुपयोगी पेड़ शामिल हैं।
- बंदर हीरा प्रोजेक्ट का कार्य सरकार द्वारा पहले कंपनी रियो टिंटो ग्रुप को आवंटित किया गया।
- अतः 2017 में रियो टिंटो ने यह डायमंड ब्लॉक मध्यप्रदेश को सुर्पुत कर दिया था।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- हीरा का उत्खनन कंपनी सिर्फ 35 मीटर गहराई में ही कर सकेगी। इससे अधिक गहराई पर उत्खनन करने के लिए कपंनी को राज्य सरकार से अलग से अनुमति लेनी होगी।
- इस प्रोजेक्ट क्षेत्र के आसपास 20 गांव है। 20 गांव और उनमें रहने वाले 8000 लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव को भी इस परियोजना के हित में अनदेखा कर दिया गया।
- पर्यावरणविदों का साफ कहना है, कि बक्सवाहा प्रोजेक्ट जनहितकारी प्रोजेक्ट नहीं है।
- याचिका में कहा गया है, कि बक्सवाहा के 364 हैक्टेयर वन क्षेत्र में आदित्य बिड़ला ग्रुप की एक्सेल मायनिंग कंपनी को हीरा में आदित्य बिड़ला ग्रुप की एक्सेल मायनिंग कंपनी को हीरा खनन की अनुमति जारी कर दी है, इससे जंगल में करीब ढ़ाई लाख पेड़ काटने की नौबत आ गई है, खनन से वन्य जीवों और पर्यावरण को नुकसान होगा।
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी भोपाल की खंडपीठ ने अंतरिन आदेश जारी करते हुए मध्यप्रदेश सरकार को निर्देश दिए है, कि प्रदेश के छतरपुर जिले के बकस्वाहा में हीरा खनन के लिए वन विभाग की अनुमति के बिना एक भी पेड़ न काटा जाए।

□□□□□

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS